हिदायत एमएसडब्ल्यू के ठोस अपशिष्ट प्लांट का महापौर ने किया औचक निरीक्षण, कचरा प्रबंधन सुधारने के दिए गए निर्देश

पारदर्शिता से करें कार्य, तय हो जवाबदेही

नवभारत, कटनी। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद साथियों और नगर निगम के अधिकारियों के साथ एमएसडब्ल्यू के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने प्लांट की समग्र कार्यप्रणाली, शहर के विभिन्न वार्डों से आने वाले कचरे की मात्रा, उसकी प्रोसेसिंग की वर्तमान स्थिति और प्लांट में उपलब्ध मशीनरी, मानव संसाधन सहित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। महापौर ने प्लांट में संचालित कचरा प्रोसेसिंग तकनीक की जानकारी लेने के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कचरा निस्तारण की पूरी प्रक्रिया नियमित, पारदर्शी और निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप संचालित की जाए, ताकि शहर से आने वाले कचरे का समयबद्ध, वैज्ञानिक और प्रभावी निपटान किया जा सके। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही शहर की स्वच्छता और नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने प्लांट के सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारियों को कचरा संग्रहण व्यवस्था की सतत, सख्त और प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। लापरवाही पाए जाने की स्थिति में जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा महापौर ने अधिकारियों से कहा कि शहर से आने वाले कचरे को प्लांट परिसर में अधिक समय तक नहीं रखा जाए, बल्कि उसे प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द से प्रोसेस कर निस्तारित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ नागरिक स्वास्थ्य की रक्षा भी हो। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और नियमित निरीक्षण को प्राथमिकता दी जाए। प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य सिर्फ कचरा उठाना ही नहीं, बल्कि शहरवासियों को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है। कचरा प्रबंधन कार्य को पूरी गंभीरता के साथ करने के लिए कहा गया है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, उमेन्द्र अहिरवार, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव, रेखा संजय तिवारी, नगर निगम के प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन सहित अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थित रहे।

धान खरीदी में गुणवत्ता की अनदेखी पर कलेक्टर नाराज

कलेक्टर ने किया मोहास धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। जिले में समर्थन मूल्य पर चल रहे धान खरीदी की वास्तविक स्थिति जानने और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए गुरूवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने रीठी ओपन कैप और मोहास खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। ओपन कैप रीठी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भंडारण स्थल पर सिर्फ उन्हीं वाहनों को प्रवेश दिया जाए जिनका वजन धर्मकांटा पर हो गया हो। उन्होंने कहा कि खरीदी कार्य में मानकों का कड़ाई से परीक्षण किया जाए और गुणवत्तापूर्ण धान का ही भंडारण हो।

परिवहन कार्य में तेजी लाने के लिए भी कहा गया है। कलेक्टर ने भंडारित धान को मौसम और अन्य खतरों से सुरक्षित रखने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीदी केंद्र मोहास में परिसर में रखी धान का स्वयं परीक्षण करवाया। धान की गुणवत्ता में सुधार की गुंजाइश देखते हुए उन्होंने केंद्र प्रभारी के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए किसानों की उपज की पहले ग्रेडिंग कराये जाने और मानक स्तर की ग्रेडिंग के बाद ही धान की तौल और खरीद की प्रक्रिया शुरू करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने समिति प्रशासन, खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी, पटवारी को हिदायत दी कि अपने सामने एफएक्यू धान की तौल कराएं और सत्यापन करें। साथ ही उन्होंने किसानों के फार्मर आईडी बनाने के कार्य को प्राथमिकता से करने के लिए कहा।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार रीठी संदीप सिंह ठाकुर, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक देवेन्द्र तिवारी, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, मध्यप्रदेश वेयर हाउस और लॉजिस्टिक के प्रबंधक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रियंका सोनी मौजूद रहे।

एक नजर में

कलेक्ट्रेट व जिला पंचायत परिसर में आमसभा प्रतिबंधित

नवभारत, कटनी। कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आम सभा, नारेबाजी, ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन और न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने, परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थल, जुलूस, नारेबाजी आदि पर रोक लगाने के लिए प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। इसी प्रकार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन, कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिन पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेगा और ज्ञापन सौंपे जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार एक और दो पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए कलेक्टर परिसर के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। इस आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

असाटी महासभा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, कटनी। जिले के स्लीमनाबाद स्थित असाटी मैरिज गार्डन में असाटी वैश्य समाज विकास समिति जबलपुर के आयोजन में अखिल भारतीय असाटी समाज महासभा का असाटी वैश्य समाज विकास समिति जबलपुर, असाटी वैश्य समाज विकास समिति कटनी, भरोला असाटी समाज समिति का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र असाटी द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय, विशेष अतिथि अशोक गुप्ता, सुरेश बाबू, इंजीनियर रमेश असाटी, डॉ रमेश असाटी, मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ एमके नायक, केके असाटी, गोविन्द दास, अशोक बाबूराम, अरुण असाटी, श्रीमती शशि व अंकुर को मंचासिन कराया गया। कार्यक्रम की शुरूवात संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महासभा के पदाधिकारीयों को मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ एम के नायक द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष को शपथ अशोक गुप्ता भोपाल द्वारा, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव को शपथ सुरेश बाबू द्वारा, जोन उपाध्यक्ष को इंजीनियर रमेश द्वारा, जोन मंत्री की डॉ रमेश द्वारा दिलाई गई। असाटी वैश्य समाज विकास समिति जबलपुर के अध्यक्ष सुनील मंचू असाटी, समस्त पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्यों को शपथ गोविंददास असाटी द्वारा दिलाई गई।

15 दिन में तीसरी बार खराब हुआ ट्रांसफार्मर, छात्र और किसान परेशान

घटिया गुणवत्ता का ट्रांसफार्मर लगाने का आरोप

नवभारत, बाकल। जिले के बाकल विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले राजीव नगर मोहल्ले में विद्युत विभाग की व्यवस्थाएं पूरी बदहाल हो गई हैं। हालात इतने खराब हैं कि यहां स्थापित ट्रांसफार्मर महज 15 दिनों के भीतर तीसरी बार खराब हो गया है, लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। इसी ट्रांसफार्मर के सहारे पूरा राजीव नगर मोहल्ला, बालिका छात्रावास और दर्जनों किसान निर्भर हैं। बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने से क्षेत्र के किसान बेहद परेशान हैं। बालिका छात्रावास में रह रही छात्राओं ने बताया कि बीते 10 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। रात के समय अंधेरे में रहना मजबूरी बन गया है, वहीं पेयजल की भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। खेतों में सिंचाई नहीं होने से फसलें सूख रही हैं। स्थानीय कृषक उस्मान खान, जमुना बाई, काशीराम पटेल, नम्मी पटेल, अनिल झारिया, नारायण पटेल, रूपसिंह लोधी, सज्जन पटेल सहित अन्य किसानों ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर दो बार 1200-1200 रुपये वसूले गए। ट्रांसफार्मर लाने-ले जाने के लिए किराए का वाहन खुद करना पड़ा, जिस पर करीब 10 हजार रुपए खर्च हो हुए हैं। बावजूद इसके घटिया ट्रांसफार्मर ही दिया गया है। तीसरी बार फेल, विभाग बेपरवाह अब तीसरी बार ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद भी विद्युत विभाग न तो कोई ठोस व्यवस्था कर रहा है, न ही स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभाग उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर वसूली कर रहा है और जिम्मेदारी से बच रहा है।

ग्रामीणों और किसानों ने जिला प्रशासन व वरिष्ठ विद्युत अधिकारियों से तत्काल जांच, दोषियों पर कार्रवाई और स्थायी, उच्च क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं।

गरीबों, जरूरतमंदों को ठंड से बचाने बांटे गए कंबल, दी गई शॉल

मकर संक्रांति के अवसर पर किया गया सेवा कार्य

नवभारत, बाकल। मकर संक्रांति के पावन पर्व और राकेश सिंह लोधी के पिताजी की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर अमरगढ़ गांव में सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राकेश लोधी मित्र मंडली और ग्रामवासी के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठजनों और गरीब, जरूरतमंद लोगों का पारंपरिक रूप से हल्दी-चावल से सम्मान किया गया और उन्हें शाल और कंबल दिए गए। कार्यक्रम में प्रसाद स्वरूप सभी को खिचड़ी का वितरण भी किया गया। सेवा अभियान के अंतर्गत 485 लोगों को शाल और कंबल दिए। जिससे ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को काफी राहत मिली है। आयोजन में जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद लालकमल बंसल, जिला पंचायत सदस्य अजय गोटियां, जिला पंचायत सदस्य रीना राकेश लोधी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देव सिंह लोधी, पूर्व जनपद सदस्य महेंद्र सैनी, अमरगढ़ सरपंच सहित क्षेत्र के ग्रामीणों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन रामटेक पटेल द्वारा किया गया। समापन पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों, ग्रामवासियों और सेवाभावी साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है, और ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

मकर संक्रांति पर घंटाघर में बांटी खिचड़ी

अग्रवाल महासभा द्वारा किया गया आयोजन

नवभारत, कटनी। मकर संक्रांति के उपलक्ष में मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा और सभी अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन उद्यान घंटाघर में गुरुवार को खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कुलदेवी माता महालक्ष्मी और अग्रसेन महाराज जी की पूजन कर भोग अर्पित किया गया। खिचड़ी वितरण में सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, मुरली मनोहर अग्रवाल, मोहन कुमार अग्रवाल, अनंत राम अग्रवाल, कंछेदी लाल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, स्वामी प्रसाद, अनिरुद्ध, किशोर कुमार अग्रवाल, आदित्य प्रकाश, श्याम बिहारी, विष्णु, अनूप, हर्षित, आशीष, चंचल, शिवम, सत्यम, वैभव, सागर, हर्षवर्धन, शैलेश, सुंदरम, कमलकांत, अमित बजाज, सौरभ अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, श्रीमती अलका मोदी, श्रीमती लता अग्रवाल, श्रीमती अलका अग्रवाल सहित काफी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

नोपार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर तीन हजार का जुर्माना

नगर निगम और यातायात पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

नवभारत, कटनी। नगर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित और सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कटनी स्टेशन रोड मुख्य मार्ग में नो-पार्किंग जोन में खड़े 9 वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चालकों पर तीन हजार रूपए का जुर्माना की कार्रवाई की गई है। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि प्रमुख मार्गों और व्यस्त क्षेत्रों की आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है।

नो पार्किंग में वाहनों को खड़ा करने से यातायात बाधित हो रहा था। नगर निगम और यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से कहा है कि वे नो पार्किंग में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न नहीं करें। ऐसा करने पर जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। वाहनों की पार्किंग चिन्हित किए गए पार्किंग स्थल पर ही करें। नगर निगम और पुलिस विभाग का संयुक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अवैध परिवहन करने पर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने किया जब्त

भ्रमण के दौरान पुलिस ने बसाड़ी गांव में की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। बड़वारा थाना अंतर्गत बसाड़ी गांव से रेत का अवैध परिवहन करने पर एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 14 जनवरी को गश्त के दौरान बसाड़ी हाट बाजार के पास रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की गई। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह सुड्डी गांव निवासी संजय पिता संतोष चौधरी है। पुलिस ने चालक से लायसेंस और रेत परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे। लेकिन चालक के पास दस्तावेज नहीं थे। दस्तावेजों के अभाव में रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेत को जप्त कर लिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना बड़वारा परिसर में खड़ा किया गया है। मामले में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में बड़वारा थाना प्रभारी एसआई केके पटेल, एएसआई रामनाथ साकेत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी, आरक्षक बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही।

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, हेड क्वार्टर डीएसपी उषा राय के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने बताया कि खनिज के अवैध परिवहन को रोकने के लिए कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम लगातार गश्त कर क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम सहित खनिज चोरी की वारदात को रोकने के लिए कार्रवाई कर रही है।

विकास आचार्य कृपलानी वार्ड में कराया जाएगा सड़क का डामरीकरण, महापौर की उपस्थिति में किया गया भूमिपूजन

सड़क निर्माण से बेहतर होगी आवागमन व्यवस्था, पार्षद के नाम के लिए पारित करेंगे प्रस्ताव

नवभारत, ढीमरखेड़ा। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आचार्य कृपलानी वार्ड में लगभग 16.48 हजार रुपए की लागत से प्रस्तावित सड़क डामरीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन क्षेत्रीय पार्षद स्वर्गीय ईश्वर बहरानी के पुत्र सौरभ बहरानी द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नगर की महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षदों से हित वार्डवासियों की उपस्थिति रही। महापौर ने कार्यक्रम का शुभारंभ के अवसर पर स्वर्गीय ईश्वर बहरानी को पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने के साथ किया। वार्ड में बनाई जाने वाली सड़क का नाम स्वर्गीय पार्षद ईश्वर बहरानी के नाम पर रखे जाने की मांग की। जिस पर महापौर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वस्त किया कि मेयर इन काउंसिल में प्रस्ताव पारित कराए जाने के बाद इसे परिषद में प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि विधिवत प्रक्रिया के अनुसार सड़क का नामकरण किया जा सके। महापौर ने कहा कि आचार्य कृपलानी वार्ड को विकास कार्य की सौग़ात मिलना निश्चित ही हर्ष का विषय है, लेकिन यह क्षण भावुक करने वाला भी है, क्योंकि इस कार्य के लिए अथक परिश्रम करने वाले पार्षद स्वर्गीय ईश्वर बहरानी आज हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बहरानी सदैव समाजसेवा और वार्ड विकास के लिए समर्पित रहे और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। महापौर ने आगे कहा कि इस विकास कार्य के माध्यम से स्वर्गीय ईश्वर बहरानी का सपना साकार हुआ है और उनका प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी इस वार्ड सहित अन्य क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य कराए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यह वार्ड उनका अपना वार्ड है कैम्प क्षेत्र के अन्य स्थानीय पार्षद भी वार्ड की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तैयार रहेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, श्रीमती सुमन राजू माखीजा, बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, कटनी विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

हत्या कर झाड़ियों में छिपाया शव, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। जिले के कैमोर थाना अंतर्गत नन्हवारा कला गांव की बड़ी खदान के पास झाड़ियों में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि युवक के सिर पर पत्थर पटककर बेरहमी से उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत छैघरा के वार्ड क्रमांक 11 निवासी अलोक गुप्ता और नन्हवारा कला गांव के वार्ड क्रमांक एक निवासी सोनू पिता सुभाष कोल के बीच पुरानी रंजिश थी बुधवार रात सोनू कोल ने अलोक गुप्ता पर पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद उसके शव को नन्हवारा कला गांव स्थित बड़ी खदान की पहाड़ी पर उसे छिपा दिया था। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी सोनू कोल को गिरफ्तार कर लिया है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024